संक्षिप्त

कार्यकारिणी का गठन किया

कोटपूतली, (निसं)। आदर्श सैनी समाज द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में सैनी महासभा की बैठक अध्यक्ष बबलू बबेरवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिला व नीमराना तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, उपाध्यक्ष परमानंद सैनी, जिला मीडिया प्रभारी नंदलाल सैनी, नीमराना तहसील अध्यक्ष पूरण चंद सैनी, शाहंजहांपुर अध्यक्ष रमेश सैनी को नियुक्त किया गया। बैठक में थांवरमल सैनी, रामस्वरूप सैनी, बिल्लूराम सैनी, संजय कुमार सैनी, रामजीलाल सैनी, कुलदीप सैनी, नवीन कुमार सैनी, सुभाष सैनी, हरफूल सैनी, सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

पीटीईटी के आवदेन 30 अप्रेल तक

टोंक, (निसं)। द्विवर्षीय बी.एड्. पाठ्यक्रम तथा चार वर्षीय बीए-बी.एड्. या बी.एस.सी. बी.एड्. पाठ्यक्रम के लिए 9 जून को होने वाली पीटीईटी की परीक्षा के लिए 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। प्री-टीचर्स एजुकेशन टेस्ट (पीटीईटी) के जिला समन्वयक एवं राजकीय महाविद्यालय टोंक के प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पीटीईटी-2024 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रेल है एवं आवेदन के लिए वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। जिसमे दो दिन शेष है। इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट एवं ई- मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

विधायक पटेल को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम मोहनपुरा-जोधपुरा संघर्ष समिति के सदस्यों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में रविवार को विधायक हंसराज पटेल की जनसुनवाई में पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव मोहनपुरा में जोधपुरा संघर्ष समिति के अनिश्चितकालीन धरने को 508 दिन बीत चुके है लेकिन अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट व प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की सुनवाई नहीं की जा रही है। वहीं जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा विभिन्न विभागों की टीम गठित कर जांच करवाई गई। जिसमें किसी भी विभाग ने धरनार्थियों की बात नहीं सुनी। आबादी के नजदीक ब्लास्टिंग व क्रेशर यूनिट के चलने से ग्रामीणों का जीवन नरक बन गया है। ग्रामीणों के मकानों में दरारें आ गई है। ग्रामीणों में दमा, श्वांस, सिलिकोसिस, चर्म रोग की बीमारी बढ रही है। इस दौरान कैलाश यादव, हरभगत, सतपाल यादव, रामनिवास सुरेलिया सहित अन्य मौजूद रहे।

जलदाय विभाग के मंत्री को पत्र प्रेषित

फुलेरा, (निसं)। भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने राज्य के जलदाय विभाग के मंत्री को एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र में बताया कि फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में बीसलपुर परियोजना से जो पानी उपलब्ध होता है। वह तेज गर्मी के चलते आमजन की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त नहीं है। गौरतलब है कि क्षेत्र में निरन्तर बढते पेयजल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र में विभाग द्वारा वर्तमान में की जा रही जलापूर्ति की मात्रा बढाने की मांग की है। साथ ही आगे बताया कि ग्रामीण जनता लम्बे समय से पेयजल समस्याओं से जूझ रही है। जिस कारण इस भीषण गर्मी में पानी हेतु संकट उत्पन्न हो रहा है। इसके चलते पूर्व विधायक द्वारा मंत्री महोदय से आग्रह किया गया है कि बीसलपुर परियोजना से पानी की पर्याप्त मात्रा में पूर्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए शीघ्र ही उक्त समस्या का समाधान करवाकर जनता को राहत दिलवायें।

भजन दंगल एवं मेला एक मई को

भरतपुर, (निसं)। नगर निगम वार्ड संख्या 50 ग्राम नोह मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई 2024 को जिकडी भजन दंगल एवं जखईया मेला आयोजित किया जा रहा है। 1 मई बुधवार सुबह जखईया बाबा की मूर्ति की पूजा की जाएगी। उसके बाद दिनभर मेला लगेगा। रात्रि को अलग स्थानों से आने वाले गायक कलाकारों द्वारा जिकड़ी भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2 मई सुबह 8 बजे कार्यक्रम समापन समारोह आयोजित होगा। जिसमें गायक कलाकारों को उपहार स्वरूप प्रथम पुरस्कार 11000 द्वितीय पुरस्कार 8100 तृतीय पुरस्कार 6100 रुपए नगद विजेताओं को दिए जाएंगे एवं अन्य कलाकारों को सत्वना पुरस्कार 500 रूपये नगद दिए जाएंगे।

युवक के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

- अवैध संबंध के शक में बिजनेस पार्टनर ने ही की थी हत्या

दौसा, (निसं)। जिले की मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में एक युवक के ब्लाइंड़ मर्ड़र प्रकरण का खुलासा किया है। अवैध संबंध के शक में बिजनेस पार्टनर का मर्ड़र किया गया था। आरोपियों द्वारा इस हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए जिस हथियार से युवक का मर्ड़र किया था उस हथियार को पास ही पटक कर जिंदा कारतूस को मृतक के कपड़े की जेब में रख वहां से फरार हो गए थे लेकिन मेहंदीपुर थाना पुलिस द्वारा की गई छानबीन एवं बारीकी से पड़ताल ने युवक की हत्या की वारदात का पूरा खुलासा कर दूध का दूध पानी का पानी कर दिया।

इस पर पुलिस ने ब्रह्मबाद गांव के रहने वाले जितेश मीणा समेत रामनाथ उर्फ पायलट मीना, विकास मीणा व अशोक मीणा सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया कि अवैध सम्बंधों के अलावा मामला पैसों की लेन-देन का भी है, क्योंकि मृतक व एक आरोपी बिजनेस पार्टनर थे। यहीं नहीं आरोपी बेहद शातिर हैं, जिन्होंने घटनाक्रम को सुसाइड़ का रूप देने के लिए मृतक के पेंट की जेब में एक जिंदा कारतूस रख दिया और 315 बोर के देशी कट्टे को भी मौके पर पटक फरार हो गए। उन्होंने बताया कि करीब 6 साल से पार्टनरशिप में टैंट हाउस का बिजनेस कर रहे दोस्त ने ही पड़ोसी गांव के रहने वाले अपने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी दोस्त को संदेह था कि उसकी पत्नी से मृतक के अवैध सम्बंध हैं। मर्ड़र केस की बुनियाद 15 दिन पूर्व उस वक्त पड़ी जब मृतक बत्तूलाल मीणा अपने दोस्त जीतेश मीणा के घर पहुंचा, जहां आरोपी की पत्नी के अलावा घर पर कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। इसका पता चलते ही आरोपी ने अपने बिजनेश पार्टनर व करीबी दोस्त बत्तूलाल की हत्या का प्लान रचा और धोखे से गांव के बाहर बुलाकर अन्य साथियों के साथ गोली मारकर हत्या कर दी। मामला दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के चांदेरा गांव का है।

25 अप्रैल की रात को हुए ब्लाइंड़ मर्ड़र का खुलासा करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल सभी आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे गहन पूछताछ में जुटी है। पूर्व प्लानिंग के तहत पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी जीतेश ने मृतक बत्तू के फोन से अपने मोबाइल पर कॉल किया और फायरिंग की जानकारी दी। जिसके तहत साथी मजदूरों को लेकर वह मौके पर पहुंचा और लुहलूहान हालत में बत्तूलाल को कार में ड़ालकर पुलिस व परिजनों को घटनाक्रम की सूचना दी। जिससे किसी को शक नहीं हो। बताया की पुलिस ने घटनाक्रम के वक्त की मोबाइल लोकेशन व आसूचना संकलन व अन्य तकनीकी संसाधनों के आधार पर इनपुट जुटाए तो शक की सुई मृतक बत्तूलाल के पार्टनर जितेश की तरफ घूमी। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार और पूरे मामले का खुलासा हो गया।

दोसा की मेंहदीपुर पुलिस द्वारा की गई छानबीन एवं बारीकी से पड़ताल ने युवक की हत्या की वारदात का पूरा खुलासा किया।

30 अप्रैल तक होगा जोड़ों का पंजीयन

चाकसू, (निसं)। जयपुर में वैष्णव विकास समिति का वैष्णव/स्वामी/बैरागी सम्मेलन का आयोजन 16 मई को जयपुर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा भवन सेक्टर 4 मंदिर मोड विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित होगा। जिसमें हवामहल विधायक हाथोज धाम के महाराज बालमुकुंद आचार्य एवं स्वामी लक्ष्मी नारायण दास वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में शिरकत करेंगे। सम्मेलन की तैयारी जोरों पर चल रही है। सम्मेलन में सभी जगह से समाज बंधु पधारेंगे। सम्मेलन अध्यक्ष अशोक स्वामी सोडाला वैष्णव(च, स) विकास समिति अध्यक्ष आरके वैष्णव ने बताया कि सम्मेलन के जोडों के पंजीयन 30 अप्रैल तक किया जाएगा एवं 8 मई को गणेश निमंत्रण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गणेश जी को निमंत्रण दिया जाएगा साथ ही बताया कि जगत गुरु रामानंद अचार्य पद प्रतिष्ठ श्री श्री 1008 श्री रामनरेश आचार्य महाराज काशी पीठ के आशीर्वाद से राजस्थान की राजधानी जयपुर गुलाबी नगरी (छोटी काशी) जयपुर में वैष्णव(च, स) विकास समिति की ओर से विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन जानकी नवमी गुरुवार 16 मई को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

पावटा बिरादरी कोर कमेटी द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह

- गणेश वंदना व वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ
- बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, बच्चों को सम्मानित किया
- आगंतुक जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों का माला पहनाकर स्वागत किया

पावटा, (निसं)। पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली द्वारा रविवार को शालीमार मैट्रो स्टेशन के पास वजीर पुर इंड़िस्ट्रियल एरिया रॉयल पेपर बैंक्वेट हॉल दिल्ली में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन गणेश वंदना व वंदेमातरम राष्ट्रगान के साथ किया गया। वही नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

वही जादूगर कृष्ण गोपाल द्वारा आयोजित मेजिशियन शो को देखकर बड़े व बच्चों ने दांतों तले अंगुलिया दबा ली। वही पारिवारिक मिलन समारोह की इस वेला में सभी गाँववासियों के सक्रिय एवं उत्साहजनक सहयोग एवं सहभागिता से पारस्परिक संवाद के जरिए हमारे गाँव की उन्नति अथवा विकास के लिए और क्या कर सकते हैं इस पर विचार किया गया। वही उन्होंने बताया कि पावटा मोक्षधाम के मरमत कार्यो को करवाने व रख रखाव के लिए भामाशाहो सहित उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। मोक्षधाम का औपचारिक रूप से सफल संचालन एवं रखरखाव के लिए गाँव के स्थानीय स्तर पर गठित कमेटी से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर महेश मिश्रा ने बेजुबान पक्षियों को पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी के मौसम में दाना-पानी की परेशानी ना रहें इसके लिए सभी को सराहनीय पहल करते हुए गर्मी के इस मौसम में पशु- पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने की अपील की। इस दौरान पावटा बिरादरी कोर कमेटी दिल्ली द्वारा ओमप्रकाश बंसल संरक्षक, सुधीर बंसल, गोविंद सैनी, गोपाल बंसल, महेश मिश्रा, किशन बंसल, अशोक मंगल, सुरेश बंसल, विष्णु मंगल, अरुण मंगल, प्रदीप गोयल, मनोज गोयल, गोपाल शर्मा, दिनेश मंगल, महेश मिश्रा, मनोज बंसल, अशोक गोयल, लोकेश बंसल, कृष्ण गोपाल सहित सभी सदस्यों ने आगंतुक जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

समारोह में कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पावटा अग्रवाल समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल मीणा, अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु शर्मा, सीए कृष्ण कुमार सैनी, अनूप गर्ग, बलदेव गोयल, धर्मेंद्र गोयल, आनंद जांगिड़, अश्विनी शर्मा, करण पंसारी सहित पावटा नगरवासी मौजूद रहे।

परिन्दों के लिए परिण्डे लगाए

हिंडौन सिटी, (निसं)। ओमाश्रय सेवा धाम में परिन्दों के लिए घौंसलों के साथ दाना पानी परिण्डे लगाए गए।

पक्षियों का कलरव फडफडाहट की हबा देखने सुनने महसूस करने में जितना सुकून देती हैं उतनी ही शारीरिक मानसिक आत्मिक व्याधियों से बचाती हैं। ओउमाश्रय सेवा धाम सचिव डॉ प्रमोद पाल ने बताया कि उक्त कथन वैदिक चिंतक यशपाल यश ने स्व रामेश्वर दयाल झालानी बगरू वालों की अडतीस वीं पुण्यतिथि पर शांति यज्ञ एवं परिंदों को आश्रय दाना पानी व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए कही। यश ने कहा कि मूक परिंदों को पानी के परीण्डे, दाना चुग्गा पात्र तथा आश्रय हेतु घौंसले रखना गृहस्थी के लिए अति आवश्यक पंच महायज्ञों में एक बलिवैश्वदेव यज्ञ है। यश ने वताया कि यंहा नित्य दाना पानी व्यवस्था होती है। मुख्य यजमान विद्या सागर झालानी एवं श्रीमति सुनीता तथा ओमप्रकाश झालानी एवं श्रीमति विमला झालानी रहे। योगेन्द्र एवं क्षमा, वेदिका एवं वंशिका भरतपुर वाले राजकुमार सिंघल एवं सफना सिंघल सरस्वती देवी देहली उर्मिला देवी अरुण गुप्ता भी मौजूद रहे। आगुंतकों ने ओमाश्रय गौशाला में भी सेवा आनन्द लिया।

राजपूत समाज की बैठक में मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया

चाकसू, (निसं)। गांव हिंगोनिया में आयोजित राजपूत समाज की बैठक में समाज में व्याप्त मृत्यु भोज को बंद करने का निर्णय लिया गया। समाज के उपस्थित लोगों से चर्चा कर मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय लिया।

हिम्मत सिंह ने बताया कि समाज के लोग ऐसी कुरीतियों को निभाने के लिए कर्ज तक डूबे जाते हैं। समाज में मृत्यु भोज के साथ अन्य कुरीतियों को भी बंद करने के लिए विचार विमर्श किया जायेगा। जिससे समाज में समरसता के भाव का संचार होगा। इस दौरान गणेश सिंह हनुतिया विजय सिंह,लाल सिंह, शंकर सिंह, हरदयाल सिंह, रामवीर सिंह, भगवान सिंह,ओम सिंह, मूल सिंह, धर्मेंद्र सिंह सिंह, शंम्भू सिंह, महेन्द्र सिंह,संजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, मोहन सिंह, इन्द्र सिंह, महावीर सिंह, बुध सिंह, सम्पत सिंह, विक्रम सिंह, भागीरथ सिंह, बलवीर सिंह,अर्जुन सिंह एडवोकेट आदि हिंगोनिया और टुमली का बास के राजपूत समाज बंधु मौजूद रहे। मृत्यु भोज की इस प्रथा को बंद करने के निर्णय को लेकर श्री राजपूत सभा जयपुर राजस्थान अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई व तहसील चाकसू अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने चाकसू तहसील के ग्राम हिंगोनिया व टुमली का बास के सभी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राजपूत समाज हिंगोनिया व टुमली का बास ने मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया।

चहेतों के फायदे के लिए सरपंच नाले में बना रहा सड़क, प्रशासन मौन

नारायणपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा इन दिनों अपने चहेतों लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए कृष्णा कॉलेज के पास से गुजर रहे गोमती नाले में जेसीबी की सहायता से सड़क निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। उपखंड़ प्रशासन को मामले की जानकरी होने के बावजूद प्रशासन मौन बना हुआ हैं।

ग्रामीणों के ज्ञापन के मुताबिक ग्राम पंचायत सरपंच के सहयोग से कुछ भू-माफियाओं के द्वारा गैर मुमकिन नाले में सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। यह गैर मुमकिन नाला कृष्णा कॉलेज के पास से होते हुए मोरड़ी की ढाणी की ओर जाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस गैर मुमकिन नाले में पहाड़ का पानी आता हैं। जिसका जल संग्रहण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाखों रूपये की लागत से एनीकट बनाया गया। उसको भी ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया गया। इस एनीकट के पानी से जंगल के जानवर अपनी प्यास बुझाते हैं और आसपास के किसानों के कुओं के पानी का जलस्तर सामान्य रहता हैं। एनीकट के तोड़ने पर बरसात के दिनों में 200 मीटर की दूरी पर बसा बलाई मोहल्ला, ड़ाकोत मोहल्ला पहाड़ के पानी से जलमग्न हो जायेंगे। स्थानीय ग्रामीण दिनेश जाट ने बताया कि शुक्रवार को नारायणपुर तहसीलदार को गैर मुमकिन नाले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की लिखित शिकायत दी गई थी।

उसके बाद भी प्रशासन की उदासीनता के चलते पिछले दो दिनों से कार्य को रोकने के बजाय ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रोली की सहायता से कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। इस मामले पर जब ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा इन दिनों कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा हैं। इस मामले में जब नारायणपुर तहसीलदार लोकेश चौधरी को फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

मालपुरा में चार महीने बाद भी नहीं बदले इंदिरा रसोई के रेड़ियम बोर्ड़

- मालपुरा पालिका शहरी क्षेत्र में राज्य सरकार के आदेश हुए बेअसर

मालपुरा, (निसं)। प्रदेश में भाजपा की नई सरकार का गठन होने के साथ ही जारी किए गए आदेशों की मालपुरा नगर पालिका शहरी क्षेत्र में खुले आम धज्जियां उड़ रही है। राज्य सरकार के आदेशों के बावजूद 4 महीने बाद भी इंदिरा रसोई के रेड़ियम बोर्ड़ नहीं बदले गए।

विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम के बाद राजस्थान में बनी भाजपा की नई सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 4 महीने पूर्व एक आदेश जारी कर पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर अन्नपूर्णा रसोई किए जाने तथा सभी सेन्टरों पर लगी इंदिरा रसोई के बोर्ड़ हटाकर अन्नपूर्णा रसोई के बोर्ड़ लगाने के आदेश जारी किए गए थे लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा व राज्य सरकार के आदेशों के बावजूद मालपुरा नगर पालिका शहरी क्षेत्र में नवीन अस्पताल भवन परिसर तथा कोर्ट परिसर में संचालित सेंट्रो पर आज भी इंदिरा रसोई योजना के ही रेड़ियम बोर्ड़ लगे हुए हैं जो की सरकार के आदेशों की खुलेआम अवहेलना के साथ-साथ आज भी पुरानी सरकार के नियम कायदे तथा व्यवस्थाएं लागू होने का आभास करवा रहे हैं। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक बने कन्हैया लाल चौधरी को राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने तथा मालपुरा पंचायत समिति में भाजपा का प्रधान, नगर पालिका में भाजपा की अध्यक्ष, जिला परिषद में भाजपा की जिला प्रमुख होने के बावजूद मालपुरा शहरी क्षेत्र में भाजपा सरकार की घोषणा व आदेशों की पालन नहीं होना आम जन में चर्चा का विषय बना हुआ है। शहरी क्षेत्र में सरकारी आदेशों की तत्काल पालन नहीं होने का कारण जानने पर सामने आया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार के गठन के बावजूद चार महीने बाद भी मालपुरा नगर पालिका में ना तो स्थाई ईओ लगाया गया और ना ही जेईएन सहित अन्य महत्वपूर्ण रिक्त पदों पर स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई।

इसके चलते आज भी नगर पालिका शहरी क्षेत्र की जनता को सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार में मालपुरा विधायक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने के बावजूद नगर पालिका में ईओ तथा जेईएन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई नियुक्तियां नहीं होना भी शहर में सुर्खियां बना हुआ है।

राज्य सरकार के आदेश व मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद मालपुरा शहरी क्षेत्र में आज भी इंदिरा रसोई योजना के रेड़ियम बोर्ड़ लगे है।

सार-समाचार

कस्टम अधिकारी ने बिना दहेज की शादी

लालसोट, (निसं)। मंड़ावरी कस्बे में एक कस्टम अधिकारी द्वारा बिना दहेज शादी कर दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संदेश देते हुए समाज से इस बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। बिना दहेज के की गई कस्टम अधिकारी की यह शादी मौजूदा समय में कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। बिना दहेज शादी करने वाला दूल्हा कमलेश मीणा पुत्र एजेंसी राम मीणा नई नाथ रोड़ चारणवास बस्सी का रहने वाला है। इनकम टैक्स विभाग मुंबई में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। वही लड़की पूजा मीणा पुत्री घनश्याम परदेसिया मंड़ावरी कस्बे की रहने वाली है एवं स्नातकोत्तर तक शिक्षा कर रखी है। दूल्हे ने कहा कि वह आए दिन देखता है कि दहेज मामलों के चलते समाज में घरेलू हिंसा बढ रही है। घरेलू हिंसा से जुड़े कई मामले कोर्ट कचहरियों में विचाराधीन है एवं कई परिवारों को इस दहेज कुरीति ने बर्बाद किया है। इस घरेलू हिंसा को रोकने के लिए दहेज प्रथा जैसी गंदी कुरीतियों को समाप्त करना जरूरी है। वही दुल्हन पूजा मीणा ने कहा कि उनको गर्व है कि वह ऐसे परिवार में जा रही है जिनके द्वारा दहेज नहीं लिया गया एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया गया है। गौरतलब है की दुल्हन पूजा सांसद जसकोर मीणा एवं पूर्व वित्त राज्य मंत्री वीरेंद्र मीणा की भतीजी भी है।

पक्षियों के लिए जल व चुग्गा पात्र लगाए

सांभरझील, (निसं)। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अनेक स्थानों पर पक्षियों के लिये डॉ बीआर अंबेडकर चेतना समिति की ओर से जल व चुग्गा दाना पात्र लगाये गए। अध्यक्ष विनोद कुमार दुलारिया बताते हैं कि समिति का उद्देश्य है बेजुबान परिंदों को पीने के लिए पानी व चुग्गा उपलब्ध हो इनकी कमी से पक्षी मौत का कारण ना बने। संरक्षक डॉ ज्ञानप्रकाश दायमा का कहना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और प्रकृति की सुंदरता के लिए यह अहम है कि हम इस प्रकार के पुनीत कार्य को बढावा दें क्योंकि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में इनकी भूमिका भी बहुत बडी होती है। समिति के सदस्यों ने अंबेडकर भवन, दरबार स्कूल, शिव वाटिका, तेजाजी चौक, नकाशा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, रेलवे स्टेशन, जीवनधारा कॉलोनी, खटीकों की हताई, पुराना किला, कॉलेज के पास, नेहरू कॉलोनी में उक्त कार्य किया गया। दुलारिया ने बताया कि इस मौके पर समिति के दिनेश गोठवाल, नंदकिशोर सांभरिया, दिनेश बंजारा, अभिलाष तंबोलिया, अक्षय कुमार ढोली, गोपाल नोगिया, लक्ष्मीनारायण बासीवाल, रतनलाल वर्मा, महादेव सिंधी, कमल गेहनोलिया, भंवरलाल बासीवाल नाथूलाल बेरवाल, प्रताप चंद बासीवाल, नानकराम गेहनोलिया, सिराजुद्दीन मंसूरी, हीरालाल तंवर, प्रभु दयाल उज्जैनिया, चुन्नीलाल सबलानिया, रमेश कुमार बासीवाल की मौजूदगी रही।

बाल गोपालों का नामकरण संस्कार

भरतपुर, (निसं)। अपनाघर आश्रम के प्रभु-प्रकल्प स्थित बाल सदन में रविवार को आश्रम में पिछले एक वर्श में जन्में 18 नन्हे-मुन्ने बाल गोपालों का नामकरण संस्कार हवन, यज्ञ कर एवं सभी बच्चों के रोली का टीका लगाकर गायत्री वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हिन्दू रीति-निति से अपना घर सेवा समिति महिला षाखा एवं आश्रम पदाधिकारियों द्वारा किया गया। नामकरण के अवसर पर सभी बच्चों को दीर्घायु व स्वस्थ होने का आशीर्वाद प्रदान किया। प्रति वर्श एक साथ सभी बच्चों का नामकरण संस्कार रीति-नीति से किया जाता है। जब बच्चों के रोली का टीका लगाया जा रहा था एवं हवन यज्ञ आदि का आयोजन हो रहा था तो इन महिला प्रभुजनों के चेहरे पर एक अलग खुशी झलक रही थी। नामकरण में 10 बेटियों व 8 बेटों के नाम रखे गये, इनके नाम माही, रागिनी, मीनाक्षी, निधि, दीक्षा, चेतना, कामिनी, बबीता, कुंती, राधा व बेटों में मयंक, समर्थ, देवेश, सुगम, पुनीत, मयूर, हिमांशु, लक्षित आदि शामिल रहे। इस अवसर बच्चो के लिए कैफेटेरिया में विषेश भोजन प्रसादी कराई गई।

चमत्कारेश्वर महादेव का नौवां पाटोत्सव मनाया

धार्मिक रीति-रिवाज, पूजा-पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ पाटोत्सव का आयोजन हुआ।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मऊ में चुलेटों के मोहल्ले में स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का नौवां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्रामवासी राकेश चूलेट ने बताया की पंड़ित सांवर मल शर्मा, महेश चूलेट के सानिध्य में भगवान शिव का अभिषेक किया गया।

धार्मिक रीति-रिवाज, पूजा-पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ पाटोत्सव का आयोजन हुआ। मंदिर में इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कावड़िये संघ द्वारा चमत्कारेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। नवीन ध्वजा फहराई। इस मौके पर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई। विष्णु शर्मा ने बताया कि अभिषेक के बाद खीर-चूरमा का भोग लगाकर महाआरती की गई। साथ ही हनुमान मंदिर में भोग लगाकर जोत ली गई। लड्डू का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए। इस दौरान महिलाओं द्वारा भजन-गीत का आयोजन किया गया। संध्या काल में ड़ीजे पर संगीतमय भजन संध्या आयोजित की गई। महिलाओ, पुरुषो व बच्चो द्वारा भजन गाए गए। पाटोत्सव में सभी समाज के लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर ओमप्रकाश पटवारी, राधेश्याम, सीताराम चूलेट, मोहन लाल, भगत सिंह, जोगेंद्र, विकास सिंह, दलीप सिंह, महावीर सिंह, श्याम शरण पटवारी, किशोर जांगिड़, रमेश जांगिड़, सत्यनारायण, विनोद कुमार, रतन चूलेट, गोकुल, गिरधारी, योगेश कुमार, सुरेश, विक्की शर्मा, धीरज, अक्षय शर्मा, रूद्र चुलेट, राहुल, विशाल, पंकज, नीरज, नितिन, राजेश सहित समस्त मोहल्लेवासी मौजूद थे।